Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- नागौर में पुलिस थाना सदर का हैड कानिस्टेबल 80 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जयपुर, *12 अगस्त, सोमवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की नागौर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **जालम सिंह हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना सदर, जिला नागौर** को परिवादी से **80 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की नागौर इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि उसके विरूद्ध दर्ज मुकदमें में आरोपी नहीं बनाने की एवज में आरोपी जालम सिंह हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना सदर, जिला नागौर द्वारा **1 लाख रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी अजमेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की नागौर इकाई की **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कल्पना सोलंकी** के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी जालम सिंह हैड कानिस्टेबल, पुलिस थाना सदर, जिला नागौर को परिवादी से **80 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की *टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064 *एवं **Whatsapp** हैल्पलाईन नं.* 94135–02834 पर 24x7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**